an>

Title: The Speaker made reference to the 32nd Anniversary of the Bhopal Gas Tragedy.

माननीय अध्यक्ष : जैसा कि आप सभी जानते हैं, कल 3 दिसम्बर 2016 को भोपाल गैस त्रासदी की 32वीं बरसी है। इसी दिन वर्ष 1984 में विश्व की सबसे भयावह दुर्घटना हुई थी जिसमें मिथाइल आइसोसाइनेट गैस तथा अन्य विषाक्त गैसों के रिसाव ने भीÂषण तबाही मचाई थी। इसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए थे, अन्य कई हजार लोगों ने दुष्परिणाम झेले थे और आज भी झेल रहे हैं। इस घटना के विध्वंसक परिणाम इतने घातक थे कि उसके बाद पैदा होने वाले अनेक शिशु भी विभिन्न रोगों से पीड़ित पाए गए।

यह सभा इस त्रासदी के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना एवं अपने समर्थन की पुनः पुÂिष्ट करती है। अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी।

11.02 hours

(The Members then stood in silence for short while.)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक विनती करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : आप बाद में बोलिएगा। सुदीप जी को बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : माननीय अध्यक्ष जी, मेरी विनती है, आज आपने जिस से भोपाल गैस पीड़ितों के लिए श्रद्धांजलि दी है, वैसे ही लाइन में खड़े होने पर 100 लोग मर गए हैं, उनके लिए भी श्रद्धांजलि होनी चाहिए।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Sudip ji, do you not want to say anything?

...(*Interruptions*)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना): माननीय अध्यक्ष जी, खड़गे जी ने बहुत महत्वपूर्ण विÂषय के बारे में कहा है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I have not allowed that.

...(*Interruptions*)